## सार-समाचार

### गणतंत्र दिवस की तैयारी पर चर्चा

**जालोर**, (का.सं.)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर बैठक संपन्न हुई। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मुख्य समारोह स्थल शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं सहित राजकीय कार्यालयों में सजावट के लिए रोशनी व्यवस्था, गणतंत्र दिवस समारोह के प्रतिभागियों एवं आगुन्तकों के लिए पेयजल, बैठक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए मार्च पास्ट एवं सांस्.तिक कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रमों को उत्साहपूर्वक मनाएं जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर विभिन्न राजकीय विभागों में उत्.ष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कार्मिकों के नाम जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित होने के लिए निर्धारित आवेदन पत्र में संबंधित विभागीय अधिकारी की अनुशंषा कर भिजवाएं। इस अवसर पर जिला परिषद एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन, जालोर उपखंड अधिकारी मनोज, तहसीलदार रणवीर सिंह, सीएमएचओ डॉ भैराराम जाणी, कोषाधिकारी भूपेंद्र मकवाना, एसीएफ भंवर सिंह सोढा सहित गणतंत्र दिवस आयोजन से जुडे विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

### बस परिवहन व्यवस्था सुधारने की मांग

**रेवदर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी सिरोही के जिला प्रवक्ता दीपेंद्र सिंह देवडा ने आमजन की समस्याओं को लेकर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, सिरोही आगार के मुख्य प्रबंधक को दो महत्वपूर्ण मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में रेवदर क्षेत्र से उदयपुर के लिए नियमित सीधी बस सेवा प्रारंभ करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार एवं रोजगार के लिए प्रतिदिन बडी संख्या में यात्रियों का उदयपुर आवागमन रहता है, लेकिन सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पडता है। यदि रेवदर से उदयपुर तक नियमित बस सेवा शुरू की जाती है तो विद्यार्थियों, मरीजों, कर्मचारियों एवं व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा परिवहन निगम की आय में भी वृद्धि होगी। ज्ञापन में रेवदर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सनवाडा में आने वाली एक्सप्रेस एवं लोकल बसों के लिए प्राथमिक बस स्टैंड निर्धारित करने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सनवाडा एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां वर्तमान में बसों का कोई निश्चित स्टॉप नहीं होने से यात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। प्राथमिक बस स्टैंड निर्धारित होने से यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और आमजन को सुविधा मिलेगी। दीपेंद्र सिंह देवडा ने आशा व्यक्त की कि परिवहन निगम जनहित को ध्यान में रखते हुए दोनों मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई करेंगा।

### स्काउट राष्ट्र कथा शिविर से लौटे

**जालोर**, (कासं)। वैदिक मिशन ट्रस्ट की ओर से आयोजित 26 वें राष्ट्र कथा शिविर गुजरात के प्रांसला (राजकोट) में 27 दिसम्बर से 4 जनवरी तक स्वामी धर्म बंधु के सानिध्य में सम्पन्न हुई। सी.ओ.स्काउट सवाईसिंह राठौड ने बताया कि राष्ट्र कथा शिविर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जालोर से राउमावि सामतीपुरा,राउमावि चवरछा के स्काउट ने प्रकाशचंद्र, रत्तीलाल, सुरेश कुमार, दलपत सिंह स्काउट मास्टर के नेतृत्व में भाग लिया एवं सोमवार को जालौर पहुंचे। राष्ट्र कथा शिविर में देशभर केस्काउट गाइड छात्रों ने भाग लिया। जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, सांस्कृतिक समझ और नैतिक मूल्यों को विकसित करना है। इस शिविर में भारतीय सेना जैसी सुरक्षा बलों की प्रदर्शनियाँ भी लगीं। जिससे युवाओं में राष्ट्र सेवा और अनुशासन की भावना बढी, और उन्हें भारत के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति से जोडा गया. शिविर के मुख्य अतिथि मेजर जनरल जी.डी. बक्शी भारतीय सेना के सेवानिवृत अधिकारी एवं इसरो के वैज्ञानिकों ने भारत की सैन्य क्षमता, सिंदूर ऑपरेशन,आर्थिक क्षमता,वैश्विक शक्ति,राष्ट्र प्रेम की भावना पर विचार प्रस्तुत कर युवाओं को राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा के प्रेरित किया। स्काउट द्वारा जल सेवा, राष्ट्र भाव कार्य के साथ जल संरक्षण, पर्यावरण प्रकृति संरक्षण पर नुक्कड नाटक एवं पोस्टर निबंध प्रतियोगिता में भाग ले कर आमजन को विश्व शांति एवं पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

### ओटवाला के पास भैंसों से भरा ट्रक पलटा

**सायला**, (निसं)। सायला क्षेत्र के ओटवाला गांव के समीप विकट मोड में सोमवार अलसुबह भैंसों से भरा एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में चार भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई भैंसे घायल हो गई।जानकारी के अनुसार वाहन बागोडा क्षेत्र से भैंसों को भरकर पाली जिले के सोजत की ओर जा रहा था। जो सुबह करीब 6.00 बजे ओटवाला गांव के पास स्थित एक विकट मोड में ट्रक की रफ्तार तेज होने के कारण बेकाबू होकर पलट गया। सूचना मिलते ही सायला थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। ट्रक पलटने से सडक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से राहत कार्य शुरू किया और बुलडोजर की मदद से ट्रक को सीधा करवाया। ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से ट्रक में फंसी अन्य भैंसों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में मृत चार भैंसों को मौके से हटवाया गया।

### एडवोकेट शाहनवाज खान उपाध्यक्ष बने

**सायला**, (निसं)। आम आदमी पार्टी ने राजस्थान में अपने संगठन का विस्तार करते हुए लीगल विंग (विधिक शाखा) के जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी धीरज कुमार टोकस एवं सह-प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज द्वारा जारी आधिकारिक सूची के अनुसार एडवोकेट शाहनवाज खान को लीगल विंग का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओं में हर्ष की लहर है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट शाहनवाज खान ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और न्याय व्यवस्था में आम आदमी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य नागरिकों और विधि विशेषज्ञों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### चारभुजा मंदिर का वार्षिकोत्सव कल

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती रेवतडा स्थित वैष्णव समाज के श्री चारभुजा मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव 7 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। समाज के मंदिर के वार्षिकोत्सव पर बुधवार सुबह भजन कीर्तन का आयोजन होगा। इसके बाद शुभ मुहूर्त में लाभार्थी परिवार द्वारा गाजेबाजे के साथ मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। दोपहर में भोजन प्रसादी का आयोजन होगा।वार्षिकोत्सव को लेकर मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। साथ ही स्वागत द्वार सहित पांडाल बनाया गया है। आयोजन को लेकर समाज की बैठक आयोजित कर विभिन्न कमेटियों का गठन कर अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सरगरा समाज की बैठक आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। अनादरा के खाकरिया कृषि पर सरगरा समाज विकास समिति द्वारा आयोजित रेवाराम भटाणा कि अध्यक्षता में बैठक रखी गई जिसमें आय व्यय का ब्यौरा किया। बालिका शिक्षा को बढावा दिया। साथ ही जो शिक्षा से वंचित परिवार को शिक्षा से जोडने का कार्य करेंगी। पंच रेवा राम, मोर्चा मण्डल अध्यक्ष, हरीश कुमार धवली, रामलाल भटाना, सुरेश कुमार थल,चमना राम हाथल,तारा राम पोसिंद्रा, विशाल अनादरा, प्रभात भाई आबू पर्वत, गोवा राम मालिपुरा, श्रवण कुमार पीथपुरा ने भाग लिया। आगामी बैठक लुनोल गांव में रखी गई है।

### बॉयलर्स कार्यालय भवन स्थानांतरित

**पाली**, (नि.सं.)। मुख्य निरीक्षण कारखाना एवं बॉयलर्स, राजस्थान जयपुर के आदेशों की अनुपालना में कार्यालय वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर्स पाली का भवन स्थानांतरित किया गया है। वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर्स श्री सौरभ चौधरी ने बताया कि कार्यालय को पुराने भवन 7, शिव मंदिर के पास, पांच मौका, पाली से स्थानांतरित कर नए भवन1-ए-4, कमला नेहरू नगर, पुराना हाउसिंग बोर्ड, पाली में जनवरी 2026 से कार्यरत कर दिया गया है।

# मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिए कार्यक्रम हुआ

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्र सेविका समिति जालोर विभाग के 7 दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, जालोर में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मीना परमार और मुख्य अतिथि नम्रता जेथलिया ,वर्गाधिकारी भाग्यवती परमार, वर्ग कार्यवाहिका बाली सैन, प्रांत सह शारीरिक प्रमुख सुमन चौहान, भीनमाल जिला कार्यवाहीका उर्मिला खंडेलवाल के सानिध्य में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

अध्यक्षीय उदबोधन मीना परमार ने दिया। कार्यक्रम में शिक्षार्थियों द्वारा वर्ग में सिखाए गए दंड , नियुद्ध , यष्टि , योगचाप , योगासन आदि का प्रत्यक्षिक के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। वर्गाधिकारी ने वृत निवेदन में बताया कि इस कडकडाती सर्दी में 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक 7 दिवसीय प्रारंभिक वर्ग लगाया गया। इस वर्ग में जालोर विभाग के , 3 जिलों के 12 खण्डों से 141 शिक्षार्थी, 18 शिक्षिका, 20 प्रबंधिका, 3 अधिकारी, व्यवस्था में 4 सहित कुल 184 की संख्या रही। प्रात 5. 30 से रात्रि 10 बजे तक की कठिन दिनचर्या और अनुशासन का पालन करते हुए इन दिनों में चिंतन सूत्र, योगासन, प्रातः शाखा, लेखन कार्य, बौद्धिक व बिंदु संकलन, आचार पद्धति, चर्चा, कार्यशाला, भजन- गीत अभ्यास, आनंद वेला आदि में भाग लेकर आत्म निर्माण किया।



जालोर के आदर्श विद्या मंदिर में राष्ट्र सेविका समिति के 7 दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्यक्रम में जोधपुर प्रांत सह कार्यवाहिका गजेन्द्र कंवर बौद्धिक वक्ता की भूमिका में सदगुण निर्मिति का केंद्र शाखा विषय पर उद्बोधन दिया।

उन्होंने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति महिलाओं का अखिल भारतीय संगठन है। इस संगठन में कार्यकर्ता का विशेष महत्व है। कार्यकर्ता निर्माण के लिए इस तरह के प्रशिक्षण वर्ग लगाए जाते है।

इस प्रारम्भिक वर्ग के माध्यम से बहनों का मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास करते हुए समिति के प्रति विश्वास व आत्मीयता के भाव का निर्माण किया जाता है।

कार्यक्रम के अंत में विभाग संचालिका नीलम पंवार ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्ग को सफल बनाने में वर्ग व्यवस्था प्रमुख भारती परमार ,विभाग संपर्क प्रमुख अल्का गुप्ता, रामबाईसा, कमला बोस नगर कार्यवाहिका, कृष्णा अरोडा विभाग बौद्धिक प्रमुख, ज्योत्सना राजपुरोहित विभाग प्रचार प्रमुख, ने सेवाएं देकर वर्ग संपन्न करवाया।

5 जनवरी को दीक्षांत समारोह प्रातः 6 बजे संपन्न हुआ। जिसमें भारत माता का पूजन किया व प्रांत कार्यवाहिका सुमन रावलोत द्वारा पुष्प के रूप में पाथेय प्राप्त कर सभी सेविकाओं ने मां भारती की निरंतर साधना का संकल्प लेकर अपने-अपने गंतव्य स्थान केलिए प्रस्थान किया।

# मेंगलवा में क्रिकेट प्रतियोगिता में मारपीट, एक जना घायल

**सायला**, (निसं)। सायला पुलिस थाना क्षेत्र के मेंगलवा गांव में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में शरारती तत्वों द्वारा टेंट जलाने व मारपीट को लेकर सायला पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है।

जानकारी के अनुसार जसवंत पुत्र नृसिंह जाति आचार्य निवासी मेंगलवा ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि ग्रामीणों द्वारा 1 से 4 जनवरी 2026 तक शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जो प्रतियोगिता स्कूल के खेल मैदान में आयोजित की थी। प्रतियोगिता के दौरान 3 जनवरी 2026 को धीराराम पुत्र पारसाराम मेघवाल व केराराम पुत्र कालूराम भील निवासी मेंगलवा के विरुद्ध ग्रामीणों ने टेंट जलाने, गाली गलौज करने व ग्रामीणों को धमकी देने के संबंध में पुलिस में रिपोर्ट पेश की थी। जिस पर रविवार 4 जनवरी को प्रतियोगता के समापन समारोह के बाद शाम को 7 बजे धीराराम पुत्र पारसाराम, पारसाराम पुत्र नौनजीराम जाति मेघवाल दोनों इनोवा कार में सवार होकर तेज गति से चलाकर खेल मैदान में लेकर आए।

गाडी से उतर कर वहां खडे मेरे छोटे भाई प्रकाश पुत्र नृसिंह व टैंट का कार्य करने वाले ओमाराम पुत्र अचलाराम जाति गवारिया, मफाराम पुत्र नरसिंह जाति भील निवासी कोडी हाल मेंगलवा के साथ लाठी, लातों घुसो से मारपीट करने लगे।

साथ ही धीराराम ने प्रकाश के नाक पर लाठी मारी, जिससे गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा तथा हाथ में चोट आई। खेल मैदान में खडे शाबीर खान पुत्र पीके खा, रजाक खान पुत्र रसूल खान जाति मुसलमान, शिवराज पुत्र खीमाशंकर आचार्य, रमेश कुमार पुत्र केसाराम प्रजापत निवासी मेंगलवा व अन्य लोगों ने बीच बचाव कर बडी मुश्किल छुडाया।

बाद में धीराराम ने गाडी में सवार होकर वहां खडे ग्रामीणों को कुचलने के प्रयास में तेज गति से गाडी को दौडाया। अगर ग्रामीण वहां से नहीं भागते तो बडा हादसा हो सकता था। वहीं घायल प्रकाश को सायला के सरकारी अस्पताल में लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आगे रेफर किया। जिसका भीनमाल के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जसवंत ने रिपोर्ट में बताया कि उक्त सारी घटना मुझे प्रकाश व शाबीर खान ने बताई। धीराराम आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है।

रिपोर्ट में आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला व ग्रामीणों को कुचलने का मामला दर्ज करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की कार्यवाही की मांगः- मेंगलवा में क्रिकेट प्रतियोगिता में शरारती तत्वों द्वारा मारपीट करने, वाहन से कुचलने के प्रयास के मामले में ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। उन्होंने एसडीएम सूरजभान विश्नोई को ज्ञापन देकर आरोपियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन से कडी कार्यवाही की मांग की है। जिस पर एसडीएम विश्नोई ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

# डीजे दिनेश कुमार गुप्ता का स्थानांतरण, समारोह किया



अभिभाषक संघ जालोर ने बार एसोसिएशन के सभा भवन में जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता का स्थानांतरण होने पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। अभिभाषक संघ जालोर की ओर से बार एसोसिएशन के सभा भवन में जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता का स्थानांतरण होने पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में सेशन न्यायाधीश के जयपुर स्थानांतरण पर बार एसोसिएशन की ओर अध्यक्ष खसाराम परिहार और कार्यकारिणी के सदस्यों ने माला सांफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। सेशन जज गुप्ता ने कहा कि जालौर की धरती में विशेष आकर्षण है। यहां की भूमि पर कोई ऐसी दैविक शक्ति है, जिसके कारण जालौर से जाने का मन नहीं करता है।

उन्होंने कहा कि जालौर के अधिवक्ताओं ने जो प्यार और सम्मान दिया है जिससे मैं भी अभिभूत हूँ तथा कभी भुला नहीं पाउँगा। अध्यक्ष खसाराम परिहार ने सेशन जज दिनेश गुप्ता के 17 दिन के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए उनके नवीन स्थान पर पदस्थापन की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में पारिवारिक न्यायालय के न्यायधीश अमर वर्मा, पोक्सो कोर्ट की न्यायधीश सीमा जुनेजा, एसीजेएम प्रथम राजेंद्रसिंह चारण, एसीजेएम द्वितीय अंकित दवे सहित कार्यकारिणी के सदस्य और अधिवक्ता उपस्थित थे।

### अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली छोड़ भागा माफिया

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट की लूणी पुलिस ने धांधिया गांव की सरहद में अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ लोडर को जब्त किया है। पुलिस के रेड देने से पहले बजरी माफिया भाग गया। पुलिस ने उसे नामजद कर तलाश आरंभ की है। लोडर और ट्रॉली को जब्त किया गया है।

लूणी थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि धांधियां गांव में अवैध रूप से बजरी का खनन किया जा रहा है। इस पर पुलिस की टीम को रवाना किया गया।

पुलिस के पहुंचने से पहले बजरी माफिया ट्रैक्टर ट्राली और लोडर को छोडक़र भाग गया। उसे नामजद किया गया है। तलाश की जा रही है। अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया है।

### दुष्कर्म का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। बनाड़ पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने अपने मालिक पर दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। घटना सितंबर की है और अब केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का आज मेडिकल करवा अठिाम पड़ताल आरंभ की है। पीड़िता घर पर साफसफाई का काम करती थी।

पुलिस ने बताया कि युवती की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह बनाड़ क्षेत्र में एक घर में कामकाज करती थी।

# गुड़ामालानी व धोरीमन्ना क्षेत्र को बाड़मेर में रखने की मांग, धरना जारी

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमन्ना व गुड़ामालानी को बाडमेर जिले में ही रखने की मांग को लेकर धोरीमन्ना में सोमवार को धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा।

भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमने 50 साल आगे की राजनीति की है-कांग्रेस कहती है कि धोरीमना व गुडामालानी क्षेत्र को बालोतरा जिले में जोडने से लाखों लोगों को असुविधा में धकेलने का काम भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने किया, ऐसा राग अलाप रही है।

गुड़ामालानी विधानसभा के क्षेत्र की काट छांटकर अपनी सुविधा के अनुसार परिसीमन करके धोरीमना व गुडामालानी के क्षेत्र को बालोतरा से जोडकर समस्त जनता को 160 किलोमीटर की यात्रा करने को बाध्य कर दिया गया।

साथ ही मांगता आडेल नोखडा तीनों पंचायत समितियां की एक जाति विशेष की बहुलता को देखते हुए मंत्री के के बिश्नोई ने अपने भविष्य को सुरक्षित कर लिया।

धोरीमन्ना व गुड़ामालानी क्षेत्र का आमजन हजारों सालों से बाडमेर के साथ जुडा हुआ है तथा मात्र 65 किलोमीटर दूर धोरीमना क्षेत्र है। इसकी जगह 160 किलोमीटर की लंबी यात्रा करने को लोग मजबूर होंगे। नगर पालिका धोरीमना से मात्र 3 किलोमीटर दूर लुखू गांव को नोखडा तहसील में जोडकर उनको बालोतरा की जगह बाडमेर जिले में रखा गया है।

जबकि धोरीमना के पास लुखु निवासियों को भी भारतीय जनता पार्टी ने स्पेशल तोहफा दिया है कि वह 40 किलोमीटर दूर नोखडा तहसील से अपने आप को संबंध करें। जबकि धोरीमना लुखू सीमा से 2 किलोमीटर दूर है उनको नोखडा तहसील से अटैच कर दिया गया। धोरीमना के पास तीन किलोमीटर के अंतर में जिले बदल गए लगता है। राजनीति ने अपने लाभ के लिए समाज में भेद पैदा कर दो जातियों को आपस में तोडकर आमने-सामने कर दिया है।

साथ ही धोरीमन्ना व गुडामालानी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी, पूर्व प्रधान ताजाराम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोदारा, मनोहर विश्नोई पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धोरीमना नाथाराम वं नजीर खान धोधेखान हरखाराम भील कुंभाराम प्रजापति जवानाराम प्रजापति सहित गुडामालानी के विधानसभा क्षेत्र के कई कांग्रेस नेताओ ने ज्ञापन दिया। कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी भंवरलाल बिश्नोई को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन दिया गया।

# स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**जालोर**, (कासं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जालोर के शिवाजी नगर स्थित राजयोग केंद्र, पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर चर्चा एवं नव वर्ष पर आयोजित स्नेह मिलन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता आयोग जालोर के अध्यक्ष घनश्याम यादव, विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता बीके जितेंद्र कुमार मुख्यालय समन्वयक युवा प्रभाग, माउंट आबू, बीके गिरीश, राजेंद्र सिंह महाप्रबंधक पावर ग्रिड 765 के वी सिरोही एवं समारोह की अध्यक्षा बीके रंजू मुख्य संचालिका राजयोग केंद्र जालौर द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। बीके रिंकू पोकरण द्वारा शुभारंभ में अतिथियों की परिचय एवं स्वागत उदबोधन दिया गया।

मुख्य वक्ता बीके जितेंद्र ने अपने उदबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी को युवा राष्ट्रीय दिवस के रूप में संपूर्ण देश में मनाया जाता है। स्वामी जी के चिकागो में धर्म सम्मेलन में अमेरिका वासियों को डियर डिवाइन ब्रदर्स एंड सिस्टर्स के शब्दों द्वारा संबोधन करने पर सभी श्रोतागण बडे दिल की गहराइयों से प्रभावित हुए ।वर्तमान के युवा तनाव में जीते हैं । इसलिए युवा प्रभाव द्वारा इस वर्ष यूथ एंड हेल्दी लाइफस्टाइल कार्यक्रम के तहत गोष्टीयां, पैदल रेलिया,एवं जागृति अभियान चलाया जा रहा है। जीवन में अपने संबंध, संपर्क में आने वाले व्यक्ति से खुशी प्राप्त होती है, तो उसे ज्यादा याद नहीं रखते। मगर दुख देने वाले क्षण व व्यक्ति को याद करने से गुस्सा, ईर्ष्या ,घृणा का भाव आता है। इसलिए अपने जीवन शैली खुशमय बनाने के लिए जैसे घर की सफाई आवश्यक है, वैसी मन की भी सफाई राजयोग से होगी। राजयोग अभ्यास से, सकारात्मक चिंतन से, युवाओं में उमंग उत्साह के साथ मन भी सर्वशक्तिमान होगा। आलस्य, अलबेला पन, से निजात मिलेगा। युवाओं को प्रतिदिन रात्रि को सोने से पहले अपने दिन भर गतिविधियों का पोतामेल चेक कर अपने को चेंज करने का दृढ संकल्प करना है।नव वर्ष की शुभकामनाएं भी प्रेषित कीए। मुख्य अतिथि घनश्याम यादव ने नव वर्ष पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजयोग शारीरिक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और शरीर में संतुलन स्थापित कर जीवन में परिवर्तन लाता है। इंजीनियर राजेंद्र सिंह, बीके गिरीश ने भी नववर्ष पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। ब्रह्माकुमारी रंजू ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में नए साल की शुभकामना देते हुए कहा की दिया जलाना भी युवाओं में हिम्मत, उमंग उत्साह, शुभ चिंतन जगाने का प्रतीक है। कार्यक्रम में अंत में नव वर्ष उपलक्ष केक कटिंग सेरेमनी भी रखा गया।मंच संचालक इंजीनियर बी एल सुथार ने किया। कार्य की समापन पर भी बीके ज्योति ने सभी सम्माननीय अतिथिगण एवं उपस्थित भाइयों बहनों का आभार व्यक्त किया। खंडप से आये सरोज देवी ने सुंदर गीत की प्रस्तुति भी दी।

इस दौरान बीके शिवानी, बीके पुष्पा बहन,बीके लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, खंडप से चंदन भाई , बी के डॉक्टर डीसी पुंसल, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बीके कांति भाई ,बीके ललित कुमार, वालराम, धर्माराम, बीके विकास ,बीके मोहन भाई बिशनगढ, बीके पुष्पा सोनी, बीके ट्विंकल ,मिश्री माता, आशा माता, उर्मिला बहन, रेखा माता ,साइती बहन , मंजू ,जयश्री आदि उपस्थित रहे।




जालोर के ब्रह्मकुमारी संस्थान में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

# स्वर्णप्राशन संस्कार एवं आयुर्वेदिक बाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के स्नातकोत्तर कौमारभृत्य विभाग द्वारा 5 जनवरी, सोमवार को पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर शनिचरजी का थान परिसर में स्वर्णप्राशन संस्कार एवं आयुर्वेदिक बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 12.00 बजे हुआ।

इस अवसर पर प्रोफेसर(वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल, कुलगुरु, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल ने अपने संबोधन में में कहा कि आयुर्वेद स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने स्वर्णप्राशन संस्कार को भारतीय आयुर्वेदिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि यह भावी पीढ़ी को स्वस्थ,

सशक्त एवं संस्कारित बनाने की दिशा में प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा समाजोपयोगी कार्यों एवं बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया।

मंगलाचरण एवं धन्वंतरि वंदना के साथ कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं आयुर्वेदिक परंपरा से जोड़ा गया।

कार्यक्रम में प्रो. चंदन सिंह, प्राचार्य, स्नातकोत्तर आयुर्वेद संस्थान, जोधपुर, दलपत सिंह डागा, अध्यक्ष, शनिचर जी का थान, प्रो. गोविंद प्रसाद गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक पी जी आई ए, प्रो. डॉ. हरीश कुमार सिंघल, विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर कौमारभृत्य विभाग, डॉ. रश्मि शर्मा, हेमंत शारदा, महेन्द्र रांका, विभाग के स्नातकोत्तर शोधार्थी सहित स्वर्णप्राशन के लिए आये हुए बच्चों के अभिभावक में उपस्थित रहे।

प्रो. डॉ. हरीश कुमार सिंघल द्वारा स्वर्णप्राशन संस्कार का विस्तृत परिचय प्रस्तुत करते हुए इसके आयुर्वेदिक एवं वैज्ञानिक पक्षों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा सम्मान का आयोजन किया गया, जिसमें कुलगुरु प्रोफेसर(वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल को आयुर्वेद शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रो. चंदन सिंह, प्राचार्य, पी जी आई ए, प्रो. गोविंद प्रसाद गुप्ता, चिकित्सालय अधीक्षक, , प्रो. डॉ. हरीश कुमार सिंघल, विभागाध्यक्ष, कौमारभृत्य विभाग तथा स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम में सहयोग के लिए डाबर इंडिया लिमिटेड का भी आभार जताया।

कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर डॉ. हरीश कुमार सिंघल द्वारा सभी अतिथियों, आयोजकों, सहयोगियों, स्नातकोत्तर शोधार्थियों एवं उपस्थित अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## सार-समाचार

### पुलिस ने चोरी के दो आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के सूरसागर थाने पुलिस ने रात के अंधेरे में हुई एक फैक्ट्री में चोरी की घटना मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का माल भी बरामद किया है। साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, कबीर नगर निवासी चांद मोहम्मद ने 3 जनवरी को थाना सूरसागर में रिपोर्ट दर्ज करवाई की कि उसकी कबीरनगर क्षेत्र में फैक्ट्री है। जहां 2 जनवरी की देर रात में विकास नामक व्यक्ति ने फैक्ट्री से पेपर की रीलें, किताबें, रजिस्टर, सेकेंड हैंड किताबें, रजिस्टर, बंडल पेपर एवं तांबे के कट्टे चोरी कर लिए गए। सुबह फैक्ट्री पहुंचने पर सामान गायब मिला। इस पर थानाधिकारी हरीशचंद्र सोलंकी के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगालकर चोर का पता लगाया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले मोहम्मद फरीद को भी गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी का सामान कागज की रिंग, खाली कॉपियां एवं कागज की कतरन आदि बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए युवकों में एक विकास (24) निवासी हमीरनगर फीच का है जबकि दूसरा मोहम्मद फरीद हुसैन निवासी भील बस्ती, पुलिस थाना नागौरी गेट, जोधपुर का निवासी है।

### घुमंतू जनजातियों के लिए आज शिविर

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिले में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने और समाज के वंचित व हाशिए पर रह रहे वर्गों को मतदान से जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ''कोई भी पात्र मतदाता न छूटे'' की भावना के साथ लगाए जा रहे हैं। जिला स्वीप समन्वयक प्रमोदकुमार व्यास ने बताया- नव मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीवीटीजी, डिनोटिफाइड एवं घुमंतू/अर्ध-घुमंतू जनजातियों के लिए आज 6 जनवरी को विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से ऐसे नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा, जो अब तक किसी कारणवश मतदान प्रक्रिया से बाहर रह गए है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां ये शिविर लगाए जाएंगे। शिविर अमर शहीद गोपा उच्च माध्यमिक विद्यालय जैसलमेर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनगढ़ एवं शहीद रमण मेघवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ में आयोजित होंगे।

### साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम शुरू

**पाली**,(नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार 5 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में नालसा डाउन स्कीम 2025 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के उद्देश्य से सोमवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रम सिंह भाटी द्वारा उक्त साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सचिव भाटी द्वारा बताया कि नालसा द्वारा जारी नालसा डाउन स्कीम-2025 जिसका उद्देश्य नशीली दवाओं से जुड़े मामलों में न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना, कानूनी जागरूकता को बढ़ाना तथा नशे से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता करना है। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं तथा बच्चों में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता लाने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, एनसीसी/एनएसएस इकाइयों, विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों में युवाओं पर केंद्रित जागरूकता सत्र, रैलियों आदि का आयोजन करने तथा एनसीबी की ''जीवन को हां कहें, नशे को ना कहे'' की ई-प्रतिज्ञा लेने हेतु निर्देशित किया। शुभारंभ कार्यक्रम में अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत प्रेमप्रकाश गुप्ता, गजेंद्र कंवर दहिया, सदस्या स्थाई लोक अदालत ज्योति श्रीवास्तव, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसील मानसिंह आशिया, पैनल अधिवक्ता, अधिकार मित्र आदि उपस्थित रहें।,

### जानवरों के संरक्षण के लिए प्रदर्शन

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर सहित देश के 50 प्रमुख शहरों में एक साथ नागरिकों ने एकजुट होकर बेजुबानों के संरक्षण के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। राजस्थान से इस मुहिम में जैसलमेर और जयपुर के निवासियों ने हिस्सा लिया। जैसलमेर जिले के खुहड़ी गांव में आयोजित हुए कार्यक्रम में पशु प्रेमी व ग्रामीण इकट्ठा हुए। पशु प्रेमियों का यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन आगामी 7 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली अहम सुनवाई को ध्यान में रखकर किया गया है। कोर्ट द्वारा संभावित कड़े दिशा-निर्देशों के मद्देनजर नागरिकों ने सरकार और न्यायपालिका तक यह संदेश पहुंचाया कि सामुदायिक पशुओं के हितों की रक्षा करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। इंडिया फॉर एनिमल्स टीम के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम अपनी तरह का पहला और ऐतिहासिक आयोजन माना जा रहा है। जैसलमेर में कार्यक्रम के आयोजक अंगदसिंह और सवाईसिंह ने बताया कि यह आंदोलन 18 दिसंबर को कोर्ट में हुई गतिविधियों की प्रतिक्रिया के रूप में शुरू किया गया था। महज कुछ ही दिनों के भीतर पूरे देश के पशु प्रेमियों ने एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाई। दिल्ली से शुरू हुई यह पहल देखते ही देखते एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में बदल गई।

### आई.एम.ए. रैकेट लीग का आयोजन

**जोधपुर**, (कासं)।आईएमए जोधपुर द्वारा तीन दिवसीय आईएमए रैकेट लीग का आयोजन सनसिटी स्पोर्ट्स में किया गया। जिसमे 100 से ज़्यादा चिकित्सकों ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस और पिकल बॉल की स्पर्धा में भाग लिया। आईएमए अध्यक्ष डॉ संजय मकवाना ने बताया कि ये चिकित्सकों के लिए तीसरा आयोजन है। आईएमए सचिव डॉ सिद्धार्थ राज लोढ़ा ने बताया कि खेल का विधिवत उद्घाटन मारवाड़ यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ महेंद्र आसेरी ने किया। इस मौके पर एम डी एम अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ विकास राज पुरोहित भी उपस्थित रहे। खेल सयोजक डॉ अमित सिंघवी ने बताया की इन खेलों के लिए टोटल 8 टीमों का गठन किया गया। डॉ प्रदीप जैन ने बताया कि टूर्नामेंट में विश्नोई विक्टर्स ट्रॉफी के विजेता रहे, बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेता विजेता विश्नोई विक्टर्स,टेबल टेनिस प्रतियोगिता के विजेता आस्था एवेंजर्स और पिकल बॉल के विजेता कामदार नाईट राइडर्स रहे। इस अवसर पर सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौक़े पर डॉ मनीष पारख,डॉ शरद थानवी,डॉ इंदु थानवी,डॉ फतेह सिंह भाटी आदि कई जाने माने चिकित्सक गण उपस्थित थे।

### 10 मीटर पिस्टल शूटिंग में शर्मा प्रथम

पाली, (नि.सं.)। नाथद्वारा में स्थित मेवाड़ राइफल शूटिंग क्लब राजस्थान राइफल संघ के अंतर्गत 10 दिवसीय राइफल व पिस्टल शूटिंग कैंप का 26 दिसंबर से 4 जनवरी 2026 तक विंटर कैंप का आयोजन किया गया मेवाड़ राइफल शूंटिंग क्लब डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र सिंह चुंडावत ने बताया कि 10 मीटर पिस्टल इवेंट में प्रथम स्थान पर क्रीड़ा भारती पाली जिला युवा प्रमुख हितेंद्र शर्मा , द्वितीय स्थान पर तरुण पालीवाल , तीर्थ स्थान पर वंश रहे।10 मीटर राइफल शूटिंग इवेंट में प्रथम स्थान हरपाल सिंह, द्वितीय स्थान सोनम कवर देवड़ा , तीर्थ स्थान युवराज सिंह रहे। डायरेक्टर डॉक्टर जितेंद्र सिंह चुंडावत ने बताया कि राज्य व राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर मेडल जीतने हेतु कठिन परिश्रम कर रहे हैं। वह आगामी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतकर राज्य व राष्ट्रीय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

### पाली न्याय क्षेत्र में दो स्थानीय अवकाश

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना में पाली न्याय क्षेत्र के अंतर्गत समस्त न्यायिक न्यायालयों के लिए कलेण्डर वर्ष 2026 में दो दिवसों का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने बताया कि पाली न्याय क्षेत्र में स्थित सभी न्यायिक न्यायालयों में 11 मार्च, बुधवार शीतला सप्तमी तथा 14 सितम्बर, सोमवार गणेश चतुर्थी को स्थानीय अवकाश रहेगा।

### रविन्द्र सोनी अध्यक्ष बने

**पाली**, (नि.सं.)। पाली प्रिंटिंग प्रेस एवं डिजाइनिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रविन्द्र सोनी का निविरोध निर्वाचन होने पर एसोसिएशन के सदस्यों में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। अध्यक्ष चुने जाने के बाद आयोजित स्वागत कार्यक्रम में एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने उन्हें माल्यार्पण कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रविन्द्र सोनी के अध्यक्ष बनने पर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य नारायण चौधरी, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप भाटी, चंपालाल माली, ओमप्रकाश बागड़ी, पूर्व उपाध्यक्ष अमजद अली, पूर्व कोषाध्यक्ष गोविन्द सांखला सहित सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

# संपर्क पोर्टल की परिवेदनाएं तेजी से निपटाएं : डॉ.गावंडे



जालोर में कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। ज़िला कलैक्टर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), पीएम सम्मान निधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना, आरडीएसएस योजना, अन्नपूर्णा रसोई योजना, कुसुम योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इजिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी सहित कई जने उपस्थित रहे।

# वेनेजुएला पर हमले के खिलाफ प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं)। सीपीआईएम और सीपीआई के बैनर तले जोधपुर कलेक्ट्रेट पर विरोध-प्रदर्शन हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया गया।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला सचिव किशन मेघवाल ने बताया कि अमेरिकन साम्राज्यवाद के खिलाफ दुनिया भर के मेहनतकश और लोकतंत्र-पसंद लोगों में भारी नाराजगी हैं, अमेरिका में भी बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। सोमवार को सीपीआईएम और सीपीआई के बैनर तले जोधपुर कलेक्ट्रेट पर विरोध-प्रदर्शन हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया गया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका ने एक लोकतांत्रिक देश वेनेजुएला पर सैन्य हमला कर निर्वाचित लोकप्रिय राष्ट्रपति निकोलस मुदरो एवं उनकी पत्नी को गिरफ़्तार कर लिया। इस कायरतापूर्ण कार्यवाही के खिलाफ भारत के वामपंथी दलों ने देश भर में विरोध प्रदर्शन करने का आहवान किया गया है।

प्रदर्शन में कॉमरेड जयराम खांगटा, गोवर्धन व्यास, महिपालसिंह, मुकेश कटारिया, एडवोकेट पी.आर मेघवाल, एडवोकेट खैराज बोस, एडवोकेट आशा मीणा, सी आर खाम्भू, एडवोकेट डी आर मेहरा,राजकुमार चौपड़ा, छगन मेघवाल, गुड़िया बारूपाल, एडवोकेट अशोक कड़ेला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह रामासिया का निरीक्षण



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाली ( अपर जिला न्यायाधीश ) विक्रम सिंह भाटी ने रिद्धी सिद्धी सेवा संस्थान के मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह रामासिया की विजिट की। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रम सिंह भाटी ने रिद्धी सिद्धी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, रामासिया की विजिट की।

सचिव भाटी द्वारा आश्रम में भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पुनर्वास करने की प्रक्रिया इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। रसोई की सफाई, कमरों की सफाई, स्नानघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई, मौसम के अनुकूल व्यवस्था उचित पाई गई।

पुनर्वास गृह में बालकों को संतुलित पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जाता है। केयरटेकर निकी सागर ने बताया कि पुनर्वास गृह में मन्दबुद्धि बच्चों के आवास, भोजन, शिक्षण एवं योगा की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध हैं। सचिव भाटी ने पुनर्वास गृह से मानसिक विमंदित बच्चों के पुनर्वास के संबंध में भी जानकारी ली। साथ ही पुनर्वास गृह में मिलने वाली सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं तक बालकों की पहुंच सुगम रखने, समय-समय पर बालकों की चिकित्सकीय जांच करवाने तथा बच्चों के रूचि अनुरूप गतिविधियां करवाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान केयरटेकर निकी सागर, जीवनराम, दरिया देवी उपस्थित रहे।

## सोजत में सुरंगो सोजत अभियान की तैयारी

**पाली**, (नि.सं.)। नगरपालिका सोजत द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर को उच्च रैंकिंग दिलाने एवं नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सुरंगो सोजत अभियान का शुभारंभ किया गया है। अभियान के तहत नगर क्षेत्र में विशेष स्वच्छता गतिविधियाँ, जनजागरूकता कार्यक्रम, सीएंडडी वेस्ट हटाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए नगरपालिका द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों की टीमों का गठन किया गया है। टीमें वार्ड संख्या 01 से 40 तक दुकानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर स्वच्छता निरीक्षण, समझाइश, फोटो एवं वीडियो दस्तावेजीकरण तथा स्वच्छ भारत पोर्टल पर अपलोडिंग का कार्य करेंगी।

अभियान के अंतर्गत नगर के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों, चौक-चौराहों, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष सफाई व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मुख्य मार्गों से सीएंडडी वेस्ट, अवैध विज्ञापन एवं कचरा हटाया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। 4 पुरुष एवं 4 महिला स्वच्छता चौम्पियन भी घोषित किए जाएंगे, जो स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम होगा। स्वच्छता संबंधी कार्यशालाओं एवं मेडिकल शिविरों में स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# घर में घुसकर लोगों ने हमला किया, दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट की जिला पश्चिम की डीएसटी और प्रतापनगर सदर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो इनामी बदमाशों को पकड़ा है। दोनों आरोपी हिस्ट्रीशीटर है। एक के खिलाफ प्रतापनगर सदर और दूसरे की सूरसागर थाने में हिस्ट्रीशीट खुली है। दोनों पर दस-दस हजार का इनाम घोषित हो रखा था। दोनों गत 15 दिसम्बर को जोधपुर में वारदात कर फरार हुए थे। प्रकरण में तीन लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों अभियुक्त पुलिस से बचने के लिए अपना हुलिया बदला और भिखारी जैसा रूप धर लिया था। बाल काटने के साथ भिखारी वेश धारण कर रखा था।

एडीसीपी वेस्ट रोशन मीणा ने बताया कि प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में गत 15 दिसम्बर को एक घर में घुसकर कुछ लोगों ने हमला किया था, जिसमें छेड़छाड़ भी शामिल थी। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, मगर दो मुख्य आरोपियों की पहचान संजय परिहार और मुकेश के रूप में हुई थी, जोकि वारदात के बाद से ही फरार थे। संजय परिहार प्रतापनगर सदर और मुकेश सूरसागर थाने के हिस्ट्रीशीटर है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की स्पेशल टीम डीएसटी प्रभारी मेहराज के नेतृत्व में लगाई गई। पुलिस को सूचना मिली कि दोनों आरोपी दिल्ली भागे हैं और फरारी काट रहे हैं। इस पर पुलिस की टीम को रेल मार्ग से दिल्ली भेजा गया।

दूसरी टीम को सड़क मार्ग से तलाश में लगाया गया। सर्दी के मौसम के बीच में बदमाशों ने अपना हुलिया भी बदल लिया था। दोनों से सिर के बाल कटवा रखे थे और भिखारीनुमा वेश धारण कर रखा था। पुलिस की टीमें इनका पीछा कर रही थी तब सूचना मिली कि दोनों जोधपुर रेलवे स्टेशन की तरफ आ गए हैं। जिस पर पुलिस जोधपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तथा दोनों को दस्तयाब कर लिया।

## एयरफोर्स सार्जेंट के सरकारी क्वार्टर में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस में चौबीस घंटों में चोरी के चार प्रकरण दर्ज हुए है। जिसमें सबसे बड़ी चोरी एयरफोर्स सार्जेंट के सरकारी क्वार्टर में हुई है। वे अवकाश पर अपने पैतृक गांव बिहार गए थे।

इस बारे में एयरपोर्ट थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। एयरफोर्स में सार्जेंट कुंदन कुमार के क्वार्टर से अज्ञात चोर सोने-चांदी के आभूषण व करीब 85 हजार रुपए नकद चोरी की बात रिपोर्ट में बताई है।

रिपोर्ट में कुंदन कुमार ने बताया कि वे अवकाश पर अपने पैतृक निवास बिहार गए थे। अवकाश समाप्ति के बाद जब वे अपने सरकारी आवास लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर घर का सामान बिखरा हुआ था और संदूक से कीमती आभूषण व नकदी गायब थी। इनमें से 4 सोने की चेन, 6 जोड़ी कानों के कुंडल, 4 अंगूठियां, 16 चांदी की चेन, 5 जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने का लॉकेट तथा लगभग 85 हजार रुपये नकद शामिल हैं। जांच हैडकांस्टेबल रामखिलाड़ी कर रहे है।करवड़ पुलिस ने बताया कि राइकोरिया खेड़ापा निवासी श्यामसिंह पुत्र खेमराज ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि जेक्शन ग्रीन एनर्जी प्राईवेट नेतड़ा में फील्ड ऑफिसर है। यहां नेतड़ा क्षेत्र में सोलर प्लांट से सामान चोरी हुआ। दूसरी तरफ मथानिया पुलिस के अनुसार हरिसागर कृषि फार्म हाउस तिंवरी के अचलसिंह पुत्र रूपाराम गहलोत ने रिपोर्ट दी।

# एस.डी.आर.एफ. सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा



पाली में जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों से विभागवार प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । बैठक में एसडीआरएफ सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई।

जिला कलैक्टर मंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड, काश्तकारों को ऋण वितरण एवं फसल बीमा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बैंकों के सक्रिय एवं निष्क्रिय खातों की जानकारी लेकर अधिक से अधिक खाताधारकों को बीमा से जोड़ने के पंच गौरव योजना के अंतर्गत स्वीकृत बजट से किए जा रहे कार्यों, व्यय स्थिति तथा नवीन बास्केटबॉल ग्रांउड निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया की जानकारी लेकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने को कहा। संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण एवं अस्वीकृत प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग से सड़कों, अटल प्रगति पथ एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जल मिशन की समीक्षा करते हुए लंबित नल व विद्युत कनेक्शनों को शीघ्र पूर्ण करने के फॉलो-अप शिविरों में लंबित प्रकरणों का तीन दिवस में निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, गोपाल क्रेडिट कार्ड, राजस्व प्रकरणों एवं नगर निगम से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग ओम प्रभा,मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेंद्र मेहता, उपखंड अधिकारी विमलेंद्र राणावत, सार्वजनिक निर्माण विभाग से दिलीप परिहार, बिजली नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# जल वितरण एवं उपयोग को लेकर परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई

जैसलमेर, (नि.सं.)। इन्दिरा गांधी नहर परियोजना जैसलमेर एवं द्वितीय चरण में जल वितरण एवं उपयोग के संबंध में गठित परामर्शदात्री समिति की बैठक सोमवार को आईजीएनपी परिषद सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अभियन्ता आईजीएनपी बीकानेर विवेक गोयल ने की।

बैठक में जनप्रतिनिधि मूलाराम, पूर्व प्रधान भागीरथ तेजवाल, किसान प्रतिनिधि सहबाज खां एवं बैणसिंह राठौड़ सहित विभागीय अधिकारी रामावतार मीना, होतीलाल मीना, मधुसूदन राजौत, रामचन्द्र ईनानिया (अधीक्षण अभियन्ता), समस्त अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने 17सौ क्यूसेक से अधिक जल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने पर मुख्य अभियन्ता विवेक गोयल के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उपस्थित किसानों ने मुख्यतः नहरी पानी चोरी होने की घटनाओं को रोकने, डिग्गीयों की आवयश्क मरम्मत करवाने के साथ ही नहरों के बीच एवं आस-पास उगें बबूलों, झाडियां हटानें संबंधित समस्याएं रखी। मुख्य अभियन्ता ने किसानों के सुझावों पर अमल करते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

मुख्य अभियन्ता विवेक गोयल ने इन्दिरा गांधी नहर परियोजना की स्थापना, विकास एवं वर्तमान जल वितरण व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि अभियन्ताओं एवं कर्मचारियों के सतत प्रयासों से जल का समुचित वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी समय में जैसलमेर एवं बीकानेर जिलों में सिंचाई एवं पेयजल की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी तथा 1254 हेड से न्यूनतम 17सौ क्यूसेक से अधिक जल आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के प्रारंभ में अधीक्षण अभियन्ता रामावतार मीना ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि 4 अक्टूबर 25 को आयोजित पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार 4 जनवरी 26 तक चार में से दो समूहों में जल वितरण किया जा रहा है। बैठक में नहरी पानी की चोरी रोकने के लिए आरएसी जवानों की तैनाती का सुझाव भी दिया गया।

जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने दूरभाष पर बैठक में सहभागिता करते हुए कहा कि रबी 2025-26 में किसानों को पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण पानी मिला है तथा आगामी तीन बारियों में भी इसी प्रकार जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी सहित उपस्थित किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी रबी फसल के लिए जल उपलब्धता को संतोषजनक बताया।

विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्थान जल नीति-2010 के अनुसार पेयजल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पेयजल की आवश्यकता मनुष्य एवं पशुओं दोनों के लिए अनिवार्य होने के कारण इसमें किसी भी प्रकार की कटौती नहीं की जा सकती। वर्तमान में बांधों में कुल 48.52 प्रतिशत इनफ्लो शेष अवधि में आने की संभावना कम प्रतीत हो रही है। आंशिक अथवा पूर्ण नहरबंदी पर भी विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि मुख्य नहर की पंजाब एवं राजस्थान सीमा में लाइनिंग कार्य के लिए आवश्यकता अनुसार आंशिक/पूर्ण नहरबंदी की जा सकेगी।

# युवा सड़क सुरक्षा का संदेश देंगे

**पाली**, (नि.सं.)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में संचालित सड़क सुरक्षा मित्र एक्सपीरिएंसल लर्निंग प्रोग्राम का शुभारंभ राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, पाली में किया गया।

जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार पाली जिला देश के 100 सर्वाधिक सड़क दुर्घटना से मृत्यु वाले जिलों में शामिल रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में युवाओं की अधिक संख्या को देखते हुए तथा युवा वर्ग के माध्यम से आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

कार्यक्रम के अंतर्गत परिवहन विभाग से परिवहन निरीक्षक मीनाक्षी कैथरीन द्वारा सड़क सुरक्षा मित्रों को प्रथम प्रशिक्षण एवं ओरिएंटेशन प्रदान किया गया। उन्होंने सड़क सुरक्षा मानकों, दुर्घटनाओं के न्यूनीकरण, उनसे बचाव तथा सुरक्षित भविष्य विषय पर विस्तार से जानकारी दी। परिवहन निरीक्षक दलपत सिंह ने युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों एवं गुड सेमेरिटन योजना की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने युवाओं से सड़क सुरक्षा मित्र बनकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का आ ान किया।

कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी रामेश्वरलाल चौधरी, माय भारत के भंवर सिंह राजपुरोहित सहित एनसीसी, एनएसएस, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं माय भारत से जुड़े 40 से अधिक युवा उपस्थित रहे।

# प्रजापति महासेना का कार्यकारिणी बैठक हुई

**पाली** , (नि.सं.)। मीडिया प्रभारी मुकेश हाटवा ने बताया की हर वर्ष की भाँति आगामी वर्ष 2026 में श्री यादे जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

बैठक में महासेना की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सरंक्षक भावेश वरादना की उपस्थिति में सभी नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। साथ ही अध्यक्ष मोहन कपुपरा ने जानकारी दी कि सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ततपश्चात उपाध्यक्ष महेन्द्र जाजपुरा ने श्री यादे जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने विस्तार से चर्चा की साथ ही निर्णय लिया। आगामी मीटिंग में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व महासेना अध्यक्ष मुकेश बी हाटवा, अनिल कवाडिया, दुर्गेश बेड़ा, मुकेश कुमार, राजेन्द्र सारडीवाल, दिनेश जलवाणीया, नरेश जलवाणीया, रतन कुण्डलवाल, ललित, प्रमोद हाटवा, चम्पालाल, प्रवीण लूणिया, दिनेश वरादना सहित सभी समाज बन्धु उपस्थित रहे।

